# सदा तनसीक

भारत और सऊदी अरब के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास **'सदा तनसीक' (SADA TANSEEQ)** का प्रारंभिक संस्करण आज **राजस्थान के महाजन में** शुरू हुआ। रॉयल सऊदी लैंड फोर्सेज़ और भारतीय सेना, दोनों 45-45 कर्मियों के साथ, इस अभ्यास में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं।

- इस अभ्यास का प्राथमिक उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र चार्टर **के अध्याय VII के तहत** अर्द्ध-रेगिस्तानी क्षेत्र **में संयुक्त अभियानों** के लिये दोनों देशों के सैनिकों को प्रशिक्षित करना है।
- इस अभ्यास की प्रमुख गतिविधियों में **सचल वाहन चेक पोस्ट की स्थापना, घेरा डालना और खोज अभियान, हाउस इंटरवेंशन ड्रिल, रिफ्लेक्स शूटिंग, स्लिथरिंग तथा स्नाइपर फायरिंग** शामिल हैं। यह अभ्यास साझा सुरक्षा उद्देश्यों को प्राप्त करने तथा द्विपक्षीय संबंधों को मज़बूती प्रदान करने का कार्य करेगा।

**और पढ़ें:** भारत-सऊदी अरब

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sada-tanseeq